DOIT.C
Department of Information Technology & Communication, Rajasthan

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांक :एफ2(203)/डीओआईटीएण्डसी/2023/ जयपुर, दिनांकः

### आदेश

विभागीय समसंख्यक आदेश क्रमांक एमएल–2660/2023 दिनांक 20.12.2023 के द्वारा श्री आशुतोष सुरौठिया पुत्र स्व. श्री मुरली मनोहर सुरौठिया को राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों के अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 1996 के अन्तर्गत राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधीनस्थ सेवा में सूचना सहायक के पद पर वेतन श्रृंखला 5200–20200 (10) में दो वर्ष की परिवीक्षा प्रशिक्षण अवधि के लिये प्रोबेशनर ट्रेनी के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई थी। उक्त आदेश की अनुपालना में श्री आशुतोष सुरौठिया ने कार्यालय सहायक निदेशक, कृषि (विस्तार), कृषि विभाग, हिंडौन, करौली में दिनांक 21.12.2023 को मध्याह पूर्व सूचना सहायक के पद पर कार्यग्रहण किया गया।

तत्पश्चात् इस विभाग के आदेश क्रमांक एफ.2(1587) डी.ओ.आई.टी./संस्था/13/एमएल–7431 दिनांक 17.05. 2024 के द्वारा श्री आशुतोष सुरौठिया , सूचना सहायक (परिवीक्षाधीन) द्वारा नियुक्ति आदेश की शर्तोनुसार कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा उत्तीर्ण कर ली गई है।

वित्त (नियम अनुभाग) के नोटिफिकेशन प.15(1) वित्त (नियम)/2017 दिनांक 09.12.2017 के अनुसरण में श्री आशुतोष सुरौठिया , सूचना सहायक का कॉलम सं. 7 में उल्लेखित दिनांक से पुनरीक्षित वेतनमान नियम 2017 के नियम 17 के अनुसार सूचना सहायक पद की नियमित वेतन श्रेखला पी.बी–1 (5200–20200) की ग्रेड पे–2800 (ग्रेड पे सं.–10) का शिड्यूल–। (Part–B) की Pay Matrix के अन्तर्गत L-8 लेविल का न्यूनतम (First cell) की राशि रूपये 26,300/– एवं नियमानुसार भत्ते आहरित/वितरित करने की एतद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

| क्र. सं. | मेरिट नं. | सूचना सहायक का नाम | वर्तमान पदस्थापित विभाग/कार्यालय | प्रथम कार्यग्रहण दिनांक | परिवीक्षाधीन अवधि (दो वर्ष) पूर्ण होने की दिनांक | निर्धारित वेतनमान में उक्तानुसार निर्धारित वेतन के आधार पर वेतन आहरण किये जाने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डीडीपी | श्री आशुतोष सुरौठिया | कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार), हिण्डौन सिटी, करौली | 21.12.2023 | 20.12.2025 | 21.12.2025 |

उक्त कार्मिक का वेतन आहरण संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के द्वारा वित्तीय एवं लेखा नियमों के प्रावधानों के तहत किया जावेगा एवं स्थाईकरण के आदेश एवं वेतन निर्धारण की प्रविष्टी का इन्द्राज नियमानुसार उक्त कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

**(रामेश्वर लाल सोलंकी)**
**तकनीकी निदेशक एवं संयुक्त सचिव**

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय, जयपुर।
2. उप शासन सचिव/सहायक शासन सचिव, कार्मिक (क–2), विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. सहायक निदेशक, कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार), हिण्डौन सिटी, करौली।
4. प्रभारी अधिकारी, वेबसाईट, वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।
5. श्री आशुतोष सुरौठिया, सूचना सहायक, कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार), हिण्डौन सिटी, करौली।
6. निजी/रक्षित पत्रावली।

**प्रशासनिक अधिकारी**

Document certified by RAMESHWAR LAL SOLANKI <rlsolanki@rajasthan.gov.in>.

Digitally Signed by
Rameshwar Lal Solanki
Designation : Head Of Office
Date :09-01-2026 01:31:35



RajKaj Ref No.: 19699625
eSign DSC